प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन की शुरूआत हंगामे के साथ हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने सदन के बाहर प्रदर्शन किया। वहीं हंगामे के बीच 4 हजार 833 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट राज्य के वित्त मंत्री डा. रामेश्वर उरावं ने पेश किया। अनुपूरक बजट पेश होते ही विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही कल 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

****

इससे पहले भाजपा के विधायकों ने संताल परगना में डेमोग्राफी बदलने का आरोप लगाते हुए सदन के भीतर जमकर नारेबाजी की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा पूरे राज्य में डेमोग्राफी बदली है और संताल परगना इससे ज्यादा प्रभावित है।

****

इधर, झामुमो विधायकों ने भी सदन के बाहर भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस मौके पर मंत्री दीपक बिरुआ ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि संथाल परगना को सिर्फ चुनाव को प्रभावित करने के लिए आधार बनाया जा रहा है।

उधर, लोकसभा में आज गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक बार फिर संताल परगना में आदिवासियों की घटती संख्या पर चिंता जाहिर करते हुए राज्य सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने पाकुड़ में आदिवासी छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की घटना का जिक्र करते हुए केन्द्र सरकार से झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगाने का अनुरोध किया।

****

उच्चतम न्यायालय से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय– ईडी की उस याचिका को आज खारिज कर दिया, जिसमें श्री सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जमानत देने के हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। शीर्ष अदालत ने झारखंड के मुख्यमंत्री को जमानत देने के हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार किया और फैसले को 'बेहद तर्कपूर्ण बताया।

****

राज्य के पूर्व मंत्री बच्चा सिंह का धनबाद में आज निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। कुछ माह पहले ही उन्हें दिल्ली में इलाज के लिए ले जाया गया था। राज्य की पहली सरकार में वे नगर विकास मंत्री थे।

****

सावन की दूसरी सोमवारी पर राज्यभर के शिवालयों में जलार्पण के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखी जा रही है। देवघर स्थित बाबा मंदिर में सुबह चार बजे मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण शुरु हो गया। जलार्पण के लिए बाबा मंदिर के बाहर भक्तों की पांच किलोमीटर से ज्यादा लंबी कतार लगी हुई है। उधर, दुमका

के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में भी भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। रांची के पहाड़ी मंदिर में भी श्रद्धालु भोलेनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं।

****

राज्य में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक राज्य के कई इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच आज रांची और आसपास के क्षेत्रों में रुक रुक कर लगाता बारिश हो रही है।

****

सिमडेगा जिले में **खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आईडेंटिफिकेशन** योजना के तहत खेल प्रतिभाओं की खोज की जा रही है।

****

पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट के कांस्य पदक फाइनल मैच के लिए क्वालीफाई कर लिया है । कल भारतीय समयनुसार एक बजे उनका सामना दक्षिण कोरिया के ओह ये जिन और ली वोन्हो से होगा।

*******समाप्त********